Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 23-08-2006

Participants : Ajgalle Shri Guharam

an>

Title : Regarding laying of foundation stone of a new Terminal at Raigarh Railway Station in Chhatisgarh.

श्री गुहाराम अजगल्ले (सारंगढ़) : सभापति महोदय, मेरा विाय रेल मंत्रालय से संबंधित है। छत्तीसगढ़ का रायगढ़ रेलवे स्टेशन कई दृटि से महत्वपूर्ण है। यहां कोयला पर्याप्त मात्रा में निकाला जाता है। रायगढ़ के आसपास मोनेट एवं जिंदल के इस्पात संयंत्र स्थित है। कई स्पंज आयरन के उद्योग बृहत्त रूप से चल रहे हैं जिससे रेल विभाग को अपेक्षा के अनुरुप राजस्व प्राप्त होता है। इसी दृटि को रखते हुए 14 सितम्बर, 1998 को पूर्व रेल मंत्री श्री नीतीश कुमार जी द्वारा नये रेलवे टर्मिनल का शिलान्यास किया गया lÉÉ[p19]।

इसका निर्माण कार्य अभी तक आरम्भ नहीं हुआ है। पूरे छत्तीसगढ़ का अधिकांश भाग रेल परिवहन से वंचित है और महत्वपूर्ण ट्रेनों का केवल रायपुर और बिलासपुर से ही सम्पर्क है। यदि रायगढ़ में रेलवे टर्मिनल होता तो निश्चित रूप से दिल्ली से छत्तीसगढ़ तक चलने वाली महत्वपूर्ण ट्रेनें रायगढ़ रेलवे स्टेशन से ही प्रारम्भ होतीं और इससे छत्तीसगढ़ के अधिकांश लोग लाभान्वित होते। रायगढ़ रेलवे टर्मिनल बनने से क्षेत्रीय लोगों को रोजगार मिलेगा। कई ट्रेनें रेलवे टर्मिनल के अभाव में रेलवे विभाग द्वारा चाहकर भी रायगढ़ रेलवे स्टेशन से नहीं चलाई जा सकती हैं क्योंकि उनके मेंटिनेंस में प्रॉब्लम आती है। अतः रेलमंत्री जी से निवेदन है कि पूर्व रेलमंत्री जी द्वारा किए गए शिलान्यास कार्य को आगामी बजट में प्राथमिकता क्रम में रखते हुए कार्य प्रारम्भ करवाने की कृपा करें।